उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़

(विकास शाखा)

दिनांक 10.10.2017 को उपायुक्त, रामगढ़ की अध्यक्षता में सम्पन्न DMFT के प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थिति पंजी के अनुसार

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों का अभिवादन करते हुए DMFT के उद्देश्यों एवं प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु जिला योजना पदाधिकारी–सह–प्रभारी पदाधिकारी, विकास शाखा रामगढ़ को निदेश दिया गया।

तद्नुसार विमर्शोपरान्त निम्नवत् निर्णय लिया गया :–

1. **कार्यान्वित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा :–**
   i. **शौचालय निर्माण** :– ODF के तहत् व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की 46675 योजनाएँ, जिसके लिए कुल 51.01 करोड़ रूपये की राशि उपलब्ध करायी गयी है, उसके तहत् निर्मित शौचालयों का शत–प्रतिशत भौतिक सत्यापन करने तथा उनका Proper Use करने से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया गया।
   ii. **बिरहोर टोलों में पेयजलापूर्ति योजना** :– बिरहोर टोलों में पेयजलापूर्ति की 10 योजनाएँ जिसकी स्वीकृति दिनांक 31.03.2017 को दी गयी है उसका कार्य अब तक पूरा नहीं किये जाने के फलस्वरूप नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे 31.10.2017 तक पूरा करने का निदेश दिया गया।
   iii. **MTC :–** कुपोषण निवारण हेतु संचालित MTC योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार करने का निदेश दिया गया। इसके अन्तर्गत उपलब्ध करायी गयी राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने तथा सम्पादित कार्यों का विधिवत् Documentation तैयार कने का निदेश दिया गया।
   iv. **पुल–पुलिया निर्माण** :– उच्च स्तरीय पुल निर्माण की चार योजनाएँ तथा पुल–पुलिया की 43 योजनाएँ जिसकी स्वीकृति एवं कार्य पूरा करने की तिथि 31.03.2017 तथा निर्धारित की गयी है, उसका निर्माण कार्य अब तक पूरा नहीं होने के फलस्वरूप नाराजगी व्यक्त करते हुए इसका निर्माण कार्य एक माह के अन्दर पूरा करने तथा प्रगति प्रतिवेदन अवगत कराने हेतु कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़–सह–हजारीबाग को निदेश दिया गया।
   v. **बिजुलिया तालाब एवं गढ़बाँध का जीर्णोद्धार कार्य** :– पर्यटन प्रक्षेत्र की उक्त दो योजनाएँ जिसकी स्वीकृति एवं कार्य पूरा करने की स्थिति 30.06.2017 निर्धारित की गयी है उस पर अब तक कार्य असंतोषजनक पाये जाने के फलस्वरूप इसमें तीव्रता लाने तथा शीघ्र कार्य पूरा करने का निदेश कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़ को दिया गया।
2. **योजनाओं का अनुमोदन**
   विमर्शोपरान्त समिति द्वारा दिनांक 18.08.2017 को सम्पन्न DMFT रामगढ़ की न्यास परिषद् की बैठक में पारित सभी योजनाओं को अनुमोदित की गयी। इसके साथ ही माण्डू में दामोदर नदी के किनारे शवदाह गृह निर्माण की योजना को आगामी न्यास परिषद् की बैठक में पारित करने की प्रत्याशा में सर्वसम्मति से अनुमोदित की गयी।
3. दिनांक 18.08.2017 को न्यास परिषद् की बैठक में पारित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु प्राथमिकता एवं DPR तैयार करने हेतु एजेन्सी का निर्धारण।

क्र.	योजना का नाम	एजेन्सी का नाम
1	दिव्यांगों को कृत्रिम अंग/उपकरण उपलब्ध कराना।	जिला समाज कल्याण पदा0 रामगढ़।
2	विद्यालयों में कम्प्युटर लैब/लाइब्रेरी/MDM शेड का निर्माण।	जिला शिक्षा अधीक्षक, रामगढ़।
3	आदिवासी विद्यालय, माण्डू का जीर्णोद्धार।	कार्य0अभि0, ग्रा0वि0विशेष प्रम0, रामगढ़–सह–हजारीबाग।
4	एम्बुलेंस एवं शव–वाहन का क्रय।	सिविल सर्जन, रामगढ़।

5	गाँधीघाट रामगढ़ एवं माण्डू दामोदर नदी के तट पर शवदाह गृह का निर्माण तथा गाँधीघाट रामगढ़ में मॉडर्न लाईब्रेरी का निर्माण।	कार्य0अभि0, ग्रा0वि0विशेष प्रम0, रामगढ़–सह–हजारीबाग।
6	बाजार/हाट में मार्केट शेड का निर्माण। (प्रखण्ड – माण्डू, पतरातु एवं गोला)	कार्य0अभि0, ग्रा0वि0विशेष प्रम0, रामगढ़–सह–हजारीबाग।
7	रामगढ़ शहरी क्षेत्र में ODF हेतु शौचालय निर्माण।	कार्य0अभि0 पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़।
8	माण्डू एवं पतरातु प्रखण्ड के उत्खनन प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम।	DPM, JSLPS, रामगढ़।
9	रामगढ़ शहरी जलापूर्ति योजना का जीर्णोद्धार।	कार्य0अभि0 पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़।
10	CCTV/Drone Cemera का अधिष्ठापन।	पुलिस अधीक्षक, रामगढ़।
11	PHC/CHC में आवश्यक उपकरण/उपस्कर की आपूर्ति।	सिविल सर्जन, रामगढ़।
12	कुजू OD Area में पार्क/कौशल विकास केन्द्र का निर्माण।	कार्य0अभि0, ग्रा0वि0विशेष प्रम0, रामगढ़–सह–हजारीबाग।
13	भैरवा जलाशय को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करना।	कार्य0अभि0, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ।
14	पुल/पुलिया निर्माण की 56 योजनाएँ।	कार्य0अभि0, ग्रा0वि0विशेष प्रम0, रामगढ़–सह–हजारीबाग।

उक्त एजेन्सियों को निदेश दिया गया कि निर्धारित कार्यो का DPR तैयार कर अविलम्ब उपलब्ध कराया जाय, ताकि यथाशीघ्र योजनाओं का कार्यान्वयन कराया जा सके।

तदोपरान्त बैठक में दिये गये निदेशों पर शीघ्र कार्रवाई कर अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश के साथ सधन्यवाद बैठक की कार्रवाई समाप्त की गयी।

ह0/–
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
जिला प्रबंधकीय, समिति
रामगढ़।

ज्ञापांक 1186/वि0 रामगढ़, दिनांक 20/10./2017

प्रतिलिपिः– **सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।**

20/x/17

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
जिला प्रबंधकीय, समिति
रामगढ़।